भाखड़ा ब्यास प्रबन्ध बोर्ड (विद्युत खंड)

BHAKRA BEAS MANAGEMENT BOARD (PW)

वरि.कार्यकारी अभियन्ता,
परिचालन एवं अनुरक्षण मंडल,
बीबीएमबी, सिवाह, पानीपत–132108

Sr. Executive Engineer,
Operation & Maintenance Divison,
BBMB, Sewah, Panipat-132108

टेलीफोन/Telephone/फैक्स:– 0180–2664950

xenompnp@bbmb.nic.in, xenompanipat@gmail.com

Co- 18/11/26
ईमेल के द्वारा

सेवा में, कृ०-10567-69

उप सचिव (जनसंपर्क),
बीबीएमबी,सेक्टर 19-बी, चंडीगढ़।(jdpr@bbmb.nic.in)

विषय: परिचालन एवं अनुरक्षण मण्डल, बीबीएमबी, पानीपत अधीन वर्ष 2026-27 के लिए विभिन्न श्रेणियों के अप्रेंटिस पदों की नियुक्ति हेतु अखबार में विज्ञापन प्रकाशित करवाने बारे।

संदर्भ: 1. निदेशक/एच.आर.डी,बीबीएमबी, चंडीगढ़ का कार्यालय पत्र क्रमांक 1268-1284/ एचआरडी-2583/Guidelines दिनांक 04.05.2026।

2. निदेशक/एच.आर.डी,बीबीएमबी, चंडीगढ़ का कार्यालय आदेश क्रमांक 15/एचआरडी-333/अप्रेन्टस्शिप/पारेषण प्रणाली, दिनांक 24.04.2026।

उपरोक्त विषय एवं संदर्भित पत्रों के संबंध में अवगत करवाया जाता है कि इस कार्यालय के अधीन वर्ष 2026-27 के लिए अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 समेत समय-समय पर हुए संशोधन के अंतर्गत अप्रेंटिसों की नियुक्ति हेतु कुल 15 सीटें स्वीकृत हैं, जिनमें इलेक्ट्रिशियन ट्रेड की 05 सीटें तथा लाइनमैन ट्रेड की 10 सीटें शामिल हैं।

निर्धारित आरक्षण प्रतिशत के अनुसार दोनों ट्रेडों का अलग-अलग श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है:-

ट्रेड	कुल स्वीकृत सीटें	अनुसूचित जाति (SC) - 20%	अनुसूचित जनजाति (ST) - 10%	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) - 27%	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) - 10%	सामान्य वर्ग (UR)	प्राथमिकता के आधार पर संबंधित जिले से कुल स्वीकृत सीटों की 25% सीटें
इलेक्ट्रिशियन ट्रेड	5	1	0	1	0	3	1
लाइनमैन ट्रेड	10	2	1	3	1	3	2

इस प्रकार कुल 15 स्वीकृत सीटों में से 03 सीटों पर उपरोक्त गाइडलाइंस के अनुसार स्थानीय उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। उपरोक्त ट्रेडवार स्वीकृत सीटों, श्रेणीवार आरक्षण एवं स्थानीय उम्मीदवारों को प्राथमिकता संबंधी प्रावधानों को ध्यान में रखते हुए BBMB, पानीपत के लिए वर्ष 2026-27 हेतु अप्रेंटिसों की नियुक्ति के संबंध में विज्ञापन पंजाब केसरी- पानीपत, The Tribune - Chandigarh + Panipat, दैनिक भास्कर- पानीपत समाचार पत्रों में प्रकाशित करवाने की कृपा करें, ताकि अधिक से अधिक योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवारों तक इसकी सूचना पहुंच सके तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन प्राप्त किए जा सकें:-

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त विज्ञापन प्रकाशित करवाने हेतु आवश्यक आगामी कार्रवाई करने की कृपा करें, ताकि अप्रेंटिसों की नियुक्ति प्रक्रिया BBMB द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार समयबद्ध रूप से पूर्ण की जा सके।

संलग्न: सूचना पत्र

(ई0 सुशील कुमार गोयल)
Er.Susheel Kumar Goel
वरि0 कार्यकारी अभियन्ता/Sr. Xen
ओ.एंड एम.मंडल बी.बी.एम.बी पानीपत
O&M Divn, BBMB Panipat

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:-

1. सिस्टम सॉफ्टवेयर मैनेजर, कम्प्यूटर सेल, सेक्टर-19बी, चंडीगढ़ (ईमेल आईडी- ssm@bbmb.nic.in) को भेजते हुए लेख है कि उक्त पदों को BBMB वेबसाइट पर पब्लिश करवाएं, जी।
2. अधीक्षण अभियंता, ओ० एंड एम० सर्कल, बीबीएमबी पानीपत।

सूचना पत्र

कार्यालय: वरिष्ठ कार्यकारी अभियंता, परिचालन एवं अनुरक्षण मण्डल, बीबीएमबी, पानीपत।

वर्ष 2026-27 के लिए इस कार्यालय के अधीन अप्रेंटिस अधिनियम, 1961 एवं समय-समय पर किए गए संशोधनों के अंतर्गत कुल 15 ट्रेड अप्रेंटिस की नियुक्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इनमें इलेक्ट्रिशियन ट्रेड की 05 सीटें तथा लाइनमैन ट्रेड की 10 सीटें शामिल हैं।

दोनों ट्रेडों की श्रेणीवार सीटों का विवरण निम्नानुसार है:-

ट्रेड	कुल स्वीकृत सीटें	अनुसूचित जाति (SC) - 20%	अनुसूचित जनजाति (ST) - 10%	अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) - 27%	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) - 10%	सामान्य वर्ग (UR)	प्राथमिकता के आधार पर संबंधित जिले से कुल स्वीकृत सीटों की 25% सीटें
इलेक्ट्रिशियन ट्रेड	5	1	0	1	0	3	1
लाइनमैन ट्रेड	10	2	1	3	1	3	2

Eligibility Criteria for Trade Apprentices:

i) The candidate must have passed 10th class examination with minimum 40% marks, from recognized Board and also possess National Trade Certificate in the notified trade issued by the National Council for Vocational Training/State Council for Vocational Training in respective trade.

ii) The candidate must have completed the relevant ITI course.

iii) The candidate must have Aadhaar Card (compulsory), which is required for online registration.

योग्य उम्मीदवार सभी आवश्यक दस्तावेजों सहित Apprenticeship Portal (https://apprenticeshipindia.gov.in) पर दिनांक 01.12.2026 (प्रातः 11:00 बजे से) से 30.12.2026 (सायं 05:00 बजे तक) ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उम्मीदवारों का चयन निर्धारित पात्रता एवं मेरिट के आधार पर किया जाएगा। कुल स्वीकृत सीटों में से 25% सीटों पर स्थानीय उम्मीदवारों को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी।

अतः इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार निर्धारित समयावधि में अपना ऑनलाइन आवेदन सुनिश्चित करें।

वरिष्ठ कार्यकारी अभियंता
परिचालन एवं अनुरक्षण मण्डल,
बीबीएमबी, पानीपत।